Regarding railway related issue of Azamgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid

श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) **:** मैं रेल मंत्री का ध्यान आजमगढ़ से रेल संपर्क, विशेष रूप से आजमगढ़-मुंबई मार्ग की आवश्यकता की ओर आकर्षित करता हूँ । आजमगढ़, 46 लाख आबादी वाला कमिश्नरी मुख्यालय, उद्योग-शून्य क्षेत्र है । यहाँ के लोग रोजगार के लिए मुंबई जैसे महानगरों की ओर पलायन करते हैं । आजमगढ़ "A" ग्रेड रेलवे स्टेशन है, जहाँ 24 कोच की वाशिंग पिट और मेंटेनेंस सुविधाएँ उपलब्ध हैं । फिर भी रेल सेवाएँ अपर्याप्त हैं । निम्नलिखित अनुरोध है.

1. आजमगढ़-मुंबई मार्गः

o 20103/20104 मुंबई-गोरखपुर सुपरफास्ट ट्रेन का आजमगढ़ तक विस्तार स्थायी किया जाए ।

o प्रस्तावित आजमगढ़-बांद्रा ट्रेन को प्रतिदिन शीघ्र शुरू किया जाए ।

2. अन्य रेल सुविधाएँ**:**

o आजमगढ़-आनंदविहार ट्रेन (12527/12528) की समय अवधि शिव गंगा एक्सप्रेस (समान सुपरफास्ट श्रेणी) के समान की जाए और इसे प्रतिदिन चलाया जाए ।

- मऊ से आजमगढ़ होकर लखनऊ के लिए दैनिक इंटरसिटी शुरू की जाए ।

माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि आजमगढ़-मुंबई मार्ग को प्राथमिकता देते हुए अन्य रेल सुविधाएँ भी लागू की जाए ।